Bharat Temples

सांस देना प्रभु इतनी तो कम से कम,
तुमसे मिलने से पहले ना निकले ये दम,
तुमसे मिलने से पहले ना निकले ये दम,
सांस देना प्रभु इतनी तो कम से कम,
तुमसे मिलने से पहले ना निकले ये दम।।

जो चलाता है ये सारे संसार को,
मैं भी करलु ज़रा उसका दीदार तो,
क्या पता मिले ना मिले ये जन्म,
तुमसे मिलने से पहले ना निकले ये दम।।

आज जो कुछ भी हूँ तेरे उपकार है,
मेरे जीवन का एक तू ही आधार है,
तेरा कर दू अदा शुक्रिया कम से कम,
तुमसे मिलने से पहले ना निकले ये दम।।

इतनी सेवा तेरी करनी थी वो ना की,
मुँह दिखाने की मैं तुझको काबिल नहीं,
फिर भी मुझको यकीं तू करेगा रहम,
तुमसे मिलने से पहले ना निकले ये दम।।

बस इसी आस में बीते जीवन मेरा,
एक दिन तो प्रभु होगा दर्शन तेरा,

किन्तु तरसे तुझे देखने को नयन,
तुमसे मिलने से पहले ना निकले ये दम।।

सांस देना प्रभु इतनी तो कम से कम,
तुमसे मिलने से पहले ना निकले ये दम,
तुमसे मिलने से पहले ना निकले ये दम,
साँस देना प्रभु इतनी तो कम से कम,
तुमसे मिलने से पहले ना निकले ये दम।।

Singer & Lyrics : धनवन्तरि दास जी महाराज

Source:
https://www.bharattemples.com/saans-dena-prabhu-itni-to-kam-se-kam-in-hindi/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw